Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 218 ▫ रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### रायपुर के यूको बैंक में चोरी की कोशिश, खिड़की तोड़ बैंक के अंदर घुसे थे बदमाश, जांच में जुटी पुलिस



**रायपुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के कृषक नगर जोरा में यूको बैंक में चोरों ने रविवार देर रात चोरी का प्रयास किया है. बताया जाता है कि शातिरों ने बैंक के पीछे की खिड़की तोड़ बैंक के अंदर घुस गए. लेकिन लॉकर नहीं तोड़ पाएं. घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. ये पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. सोमवार सुबह जब कर्मचारियों ने बैंक खोला तो उनके होश उड़ गए. पूरा सामान बिखरा पड़ा था, खिड़की टूटी हुई थी और लॉकर को भी नुकसान पहुंचाया गया था. फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चोर ने पहले श्रीराम को किया प्रणाम, फिर सामान किया पार



**सूरजपुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में चोर चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले भगवान श्रीराम को प्रणाम करते हुए दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक, घटना वार्ड क्रमांक 16 बड़कापारा स्थित राम चरित मानस भवन की है, जहां नियमित रूप से रामायण पाठ और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं. चोर ने पहले श्रीराम जी के आगे नतमस्तक होकर श्रद्धा व्यक्त की और उसके बाद भवन में रखे राशन सामग्री, कमरों में लगे सीलिंग फैन और पाइप समेत लगभग 800 रुपए नकद चोरी कर लिए. इसके साथ ही भवन के अन्य कमरों से सिलिंग फैन और पाइप भी गायब कर दिए। पुलिस ने इस पूरे मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. फिलहाल यह अनोखा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।




चूहा- सुनती हो, टीएमसी सासंद महुआ मोइत्रा ने गृहमंत्री अमित शाह को अभद्र उटपटांग बोल दिया है।

चुहिया- हां जी, राजनीति में कोई भद्र-अभद्र नहीं होता, सत्ता के लिए जहां सुविधा होती है हाथ मिला लेते हैं।

## पुतिन-मोदी के बीच वार्ता: यूक्रेन जंग पर चर्चा, भारत आने का दिया न्योता

### ट्रंप को टेंशन देने वाली मोदी-पुतिन की दोस्ती की नई तस्वीर आई सामने, एक ही कार में मीटिंग के लिए पहुंचे दोनों नेता

चीन के तियानजिन में एससीओ समिट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक साथ एक ही कार में सफर करते हुए नजर आए। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।



दोनों नेता जल्द ही द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। मोदी और पुतिन की यह मुलाकात ऐसे वक्त में हो रही है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर दबाव बना रहे हैं। दोनों नेताओं की दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी को यह कार में एक साथ यात्रा करना दर्शाता है। तियानजिन के होटल रिट्ज कार्लटन में बैठक कक्ष दोनों नेताओं के लिए तैयार है। बैठक में व्यापार, सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग जैसे अहम विषयों पर बातचीत होगी। इस बैठक का असर न सिर्फ भारत-रूस संबंधों पर बल्कि क्षेत्रीय राजनीति पर भी पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस खास पल की तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। यह तस्वीर अमेरिका के लिए एक संकेत है कि भारत-रूस के रिश्ते मजबूत हैं और दोनों देश अपनी रणनीति पर दृढ़ हैं।

**नई दिल्ली, 1 सितंबर (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। चीन के तियानजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे हमेशा लगता है कि आपसे मिलना एक यादगार बैठक होती है। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का अवसर मिला है। हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं। 140 करोड़ भारतीय इस वर्ष दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन के लिए आपका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह हमारी विशेष साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है।

चीन के तियानजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे हमेशा लगता है कि आपसे मिलना एक यादगार बैठक होती है। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का अवसर मिला है। हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं। 140 करोड़ भारतीय इस वर्ष दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन के लिए आपका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह हमारी विशेष साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजना होगा। यह पूरी मानवता की पुकार है।

राष्ट्रपति पुतिन ने दिसंबर 2025 के आगामी मील के पत्थर पर भी बात की, जो भारत-रूस संबंधों के विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुँचने की 15वीं वर्षगांठ होगी। पुतिन ने आशा व्यक्त की कि यह वार्ता इस दीर्घकालिक संबंध को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी, जिसे उन्होंने बहुआयामी और बहुत अच्छा बताया। उन्होंने दोहराया कि द्विपक्षीय संबंधों की स्थायी प्रकृति आपसी विश्वास और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। अपने उद्घाटन भाषण में, राष्ट्रपति पुतिन ने दोनों देशों के बीच एकजुटता पर ज़ोर देते हुए कहा, हम अंतरराष्ट्रीय संगठनों में चाहे वह संयुक्त राष्ट्र हो या ब्रिक्स, अपनी आवाज़ एक साथ उठाते हैं। आज की यह बैठक हमारे साझा रास्ते को और मज़बूत करेगी। रूस और भारत के बीच एक विश्वसनीय साझेदारी है, और यह और भी मज़बूत हो रही है।

## सीएम विष्णुदेव साय का बस्तर दौरा, बाढ़ प्रभावित इलाकों का ले रहे जायजा



**रायपुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बस्तर दौरे पर हैं. उन्होंने बस्तर जिले के बाढ़ प्रभावित इलाके का हवाई निरीक्षण किया. उनके साथ मंत्री केदार कश्यप और मंत्री टंक राम वर्मा भी मौजूद रहे. निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री बस्तर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए अधिकारियों के समीक्षा करेंगे।

प्रशासन ने बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर भी स्थापित किए हैं, जहां उन्हें भोजन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. इसके अलावा डोनेशन के माध्यम से कपड़े इकट्ठा कर उनका वितरण किया जा रहा है. रोटरी क्लब के सदस्यों ने कपड़े वितरित किए, जबकि पिछले दिनों जनप्रतिनिधियों द्वारा भी राहत सामग्री प्रदान की गई. नीतीश वर्मा ने बताया कि लगभग 100 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 22 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि कई मकानों को आंशिक क्षति हुई है।

## रायपुर में फर्जी आईबी अधिकारी गिरफ्तार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दबोचा

**रायपुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आमानाका क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक फर्जी इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से फर्जी आईबी अधिकारी का आईडी कार्ड बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आमानाका थाना पुलिस चंदनडीह चौक, नंदन वन जीई रोड के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक एक्टिवा सवार तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल कुमार, पिता राजीव कुमार, उम्र 29 वर्ष, निवासी श्रीनिवास रेजीडेंसी, मकान नंबर 13/310, नर्मदापुरम रोड, डी मार्ट के पास, भोपाल, मध्य प्रदेश बताया। पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने पर आरोपी ने खुद को इंटेलीजेंस ब्यूरो में सहायक केंद्रीय खुफिया अधिकारी बताते हुए एक ढ्ढष्ठ कार्ड दिखाया, जिसमें भारत सरकार के गृह मंत्रालय



का लोगो था। पुलिस को आईडी कार्ड पर संदेह होने पर उसकी जांच की गई, जो फर्जी पाया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने फर्जी आईडी कार्ड का उपयोग किस मकसद से किया।

## पेट्रोल पंप संचालकों का फैसला बेअसर, दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के मिल रहा पेट्रोल

**रायपुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** पेट्रोल पंप संचालकों ने रायपुर जिले में आज यानी 1 सितंबर से हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान शुरू करने का फैसला लिया था. लेकिन यह अभियान जमीनीस्तर पर बेअसर नजर आ रहा है. बिना हेलमेट के पंप पहुंचने वालों को दोपहिया वाहन चालकों को बिना परेशानी के पेट्रोल मिल रहा है।

बता दें कि पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने बढ़ते सड़क हादसों में कमी लाने के लिए स्वंय फैसला किया था कि 1 सितंबर से 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान जिले में सख्ती से लागू किया जाएगा. सभी



पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए हेलमेट के साथ पहनना अनिवार्य होगा. इस संबंध में पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपकर जानकारी भी दी गई थी. वहीं प्रशासन की ओर से भी अभियान को पूरा सपोर्ट मिला है।

## बाल सुधार गृह की सुरक्षा में चूक, नई बिल्डिंग खुलने के दो दिन में ही 4 किशोर फरार

**कोरबा, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** बाल सुधार गृह की सुरक्षा में फिर बड़ी चूक सामने आई है। कोहड़िया स्थित नए भवन में बाल सुधार गृह शुरू होने के सिर्फ दो दिन बाद ही चार किशोर फरार हो गए, जिससे सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले भी रिस्दी स्थित बाल सुधार गृह में इसी तरह की घटना घट चुकी है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस गृह में किशोरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी विभाग की है। बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले रिस्दी में संचालित बाल सुधार गृह में अव्यवस्था देखने को मिली थी। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने विभाग को कड़ा पत्र



लिखकर बच्चों को जल्द से जल्द नए भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया था।

इसके बाद रिस्दी से बच्चों को कोहड़िया स्थित पुराने बालको थाने के भवन में शिफ्ट किया गया। इस भवन का जीर्णोद्धार विभाग की फंडिंग और ष्ठरूस्न से कुल 25 लाख रुपये की राशि से किया गया था। बता दें कि रिस्दी के इस भवन से भी कई बच्चे फरार हो चुके है और इनमें से कुछ तो अब तक पकड़ में नहीं आ सके हैं। लेकिन नए भवन में भी सुरक्षा में चूक हुई। जून के आखिरी सप्ताह में शिफ्ट किए गए बच्चों में से पहले रात ही दो किशोर बाथरूम का रौशनदान तोड़कर फरार हो गए थे। अब बाल सुधार गृह के शुरू होने के दो दिन बाद ही 4 किशोर फरार हो गए हैं। ये सभी जांजगीर जिले के बताये जा रहे हैं। इस घटना की सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस को दे दी गई है और भवन की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## होटल की आड़ में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा पुलिस ने छापा मारकर युवक-युवतियों को किया गिरफ्तार

**दुर्ग, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** भिलाई की एक होटल में चल रहे कथित देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने गदा चौक पास मौजुद ईशा होटल में छापा मारते हुए दो युवतियों को एक ग्राहक के साथ धर दबोचा। इसके अलावा वहां मौजूद कुछ प्रेमी जोड़ों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है।



शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अलग-अलग जगहों से आए प्रेमी जोड़ों से पुलिस बयान ले रही है। वहीं होटल के मैनेजर और मालिक के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई जारी है। जांच के दौरान पकड़ी गई युवतियों को बयान देने के बाद उनके घर भेज दिया गया। पुलिस फिलहाल सभी आरोपी पक्षों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## कन्या आवासीय विद्यालय में छात्रा की फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश आक्रोशित परिजनों ने जमकर किया प्रदर्शन, एसडीएम स्तर पर जांच की तैयारी

**बीजापुर, 1 सितंबर (हाईवे चैनल)।** ग्राम नैमेड स्थित कन्या आवासीय विद्यालय में 9वीं कक्षा की छात्रा की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है. घटना से आक्रोशित परीजनों ने जिला अस्पताल के सामने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. परिजनों का आरोप है कि उन्हें शव देखने तक नहीं दिया गया. फिलहाल मौत की वजह अज्ञात है. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए डीईओ ने एसडीएम स्तर पर जांच करवाने की बात कही है।

जानकारी के मुताबिक, रात में सभी मेस में खाना के लेने के लिए पहुंची. इस दौरान छात्रा नजर नहीं आई तो सहपाठियों ने उसे ढूंढना शुरू किया. उन्होंने कपड़े सूखाने वाले कमरे में जाकर देखा तो वाहन मृतिका की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली. छात्राओं ने विद्यालय प्रबंधन को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पिंकी कुरसम को जिला हॉस्पिटल बीजापुर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे



मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर छात्रा के परिजन जिला हॉस्पिटल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. परिजनों का आरोप है कि उन्हें शव को देखने तक नहीं दिया जा रहा है. प्रशासन सच को छुपा रहा है. क्या असल में यह मामला आत्महत्या का है, या उनकी बेटी के साथ अनहोनी हुई है. उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की स्पष्टता से जांच की जाय और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। नैमेड थाना प्रभारी हरिनाथ रावत ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल मौत का कारण अभी अज्ञात है, मृतिका की सहेलियों और स्टाफ से पूछताछ की जारी है. हर पहलू से जांच जारी है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया ने लल्लूराम डॉट कॉम को बताया कि आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी. एसडीएम स्तर पर जांच की जाएगी. जो भी दोषी पाया जायेगा उसपर कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा नए अधीक्षक की पदस्थापना पर उन्होंने जानकारी दी कि नई अधीक्षिक ने दायित्व नहीं लिया था, पुरानी अधीक्षिक ही कार्यभार संभाल रही थी।

## अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर बिना रुके कटेगा टोल, 25 हाईवे से होगी शुरुआत

**नई दिल्ली, 1 सितंबर (न्यूज चैनल)।** भारत में टोल वसूली व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने वाला है। अब वाहन चालकों को टोल प्लाज़ा पर लंबी कतारों में खड़े होकर भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल सिस्टम लागू करने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है, जो टोल वसूली के पारंपरिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। इस तकनीकी बदलाव की शुरुआत गुजरात के चोर्यासी टोल प्लाज़ा से होगी, जो भारत का पहला बाधा मुक्त टोल प्लाज़ा बनने जा रहा है। यह एक अत्याधुनिक टोल प्रणाली है, जिसमें वाहनों को टोल प्लाज़ा पर रुकने की आवश्यकता नहीं होती।



फास्टैग, कैमरा आधारित वाहन पहचान तकनीक (एएनपीआर कैमरे), हाई-टेक रीडर्स और सेंसर की मदद से स्वचालित रूप से टोल शुल्क वसूला जाएगा। वाहन जैसे ही टोल ज़ोन से गुजरता है, उसकी नंबर प्लेट स्कैन कर ली जाती है और फास्टैग से राशि काट ली जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 राष्ट्रीय राजमार्गों पर यह नई प्रणाली लागू की जाएगी। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य है टोल कलेक्शन को तेज, पारदर्शी और स्मार्ट बनाना, साथ ही यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव देना। गुजरात स्थित चोर्यासी टोल प्लाज़ा को इस नई व्यवस्था के लिए चुना गया है, जहां यह तकनीक सबसे पहले लागू की जाएगी। इस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक के बीच एक समझौता किया जा चुका है।